छोड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा,
पीछे पीछे चलता हूँ मैं,
आगे आगे श्याम मेरा,
छोंड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा।।

तर्ज तेरे जैसा यार कहाँ।

जिस दिन से तू मिला है,
गुलशन मेरा खिला है,
पहले तो कभी कभी था,
अब तो ये सिलसिला है,
सोचूं जो भी चुटकियो में,
बनता है काम मेरा,
पीछे पीछे चलता हूँ मैं,
आगे आगे श्याम मेरा,
छोंड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा।।

भूलूंगा मैं कभी ना,
मेरे रंजो गम मिटा के,
बैठा दिया फलक पे,
मुझे गोद में उठा के,
चलता ही जाऊं जिधर,

जैसा फरमान तेरा,
पीछे पीछे चलता हूँ मैं,
आगे आगे श्याम मेरा,
छोंड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा।।

ऐ साँवरे बिहारी,
तुझे रोज ही मनाए,
गुणगान तेरा ना हो,
वो दिन कभी ना आए,
लहरी मेरी आरजू तू,
तू ही अरमान मेरा,
पीछे पीछे चलता हूँ मैं,
आगे आगे श्याम मेरा,
छोंड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा।।

छोड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा,
पीछे पीछे चलता हूँ मैं,
आगे आगे श्याम मेरा,
छोंड़े ना ये मुश्किल में,
थामे रहता हाथ मेरा।।

स्वर उमा लहरी जी।

Source: https://www.bharattemples.com/chhode-na-ye-mushkil-mein-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw